www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

बरेली , रविवार,8 फरवरी 2026


**सुविचार**



कर्म, ज्ञान और भक्ति- ये तीनों जहाँ मिलते हैं वहीं सर्वश्रेष्ठ पुरुषार्थ जन्म लेता है।
- श्री अरविंद


**बरेली के प्रमुख समाचार**

- ईंटों की पक्की दीवार पर टिनशेड डालकर हो रही थी नमाज-II
- सपा शासन में कंगाल हुआ प्रदेश, अब चमकेगी सूरत : डॉ. महेंद्र सिंह -III
- परीक्षार्थी बोले- सामान्य लेकिन लंबे थे प्रश्न-III


## सिटी ब्रीफ

### भौतिक विज्ञान और शिक्षाशास्त्र की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि घोषित

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में भौतिक विज्ञान विषय की बीएससी प्रथम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 11 फरवरी से आयोजित की जाएगी। विभाग प्रभारी प्रो. वीपी सिंह ने बताया कि बीएससी प्रथम सेमेस्टर की मेजर विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 11 फरवरी और माइनर विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 14 फरवरी को करायी जाएगी। वहीं, मेजर विषय बैक की प्रयोगात्मक परीक्षा 13 फरवरी को होगी। इसके अलावा शिक्षाशास्त्र विभाग की बीए प्रथम सेमेस्टर की मेजर और माइनर विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 12 फरवरी को विभाग में आयोजित की जाएगी।

### गंदगी से नालियां चोक

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला गंगानगर में गंदगी से नालियां चोक हैं। इसकी वजह से लोगों दिक्कत हो रही है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार सफाई कर्मी नियमित रूप से नालियों की सफाई नहीं कर रहे हैं। हल्की बारिश में नालियां उफना जाती हैं।

## शहर में आज

- एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में दीक्षांत समारोह सुबह 10 :30 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में पेंटिंग एग्जीबिशन शाम 5 बजे।
- इंडस्ट्रियल ग्रोथ की संभावनाओं पर टेबल डिस्कशन होटल रामाडा में सुबह 11 बजे से।
- सृजन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से राजेंद्र नगर क्षेत्र के चौराहों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा सुबह 10 .30 बजे से।

## पंख वाले घोड़ों का स्टेच्यू



दामोदर स्वरूप पार्क के सामने रोटरी बनाकर पंख वाले घोड़ों का स्टेच्यू लगाने काम शुरू हो गया है। ● अमृत विचार

# जगतपुर में गिरा पोल, सैकड़ों घरों में बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- क्षेत्र के लोगों का आरोप, पार्षद की शिकायत के बाद भी नहीं पहुंचे बिजली कर्मी

**अमृत विचार :** जगतपुर में जर्जर पोल टूट कर गिर गया। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि पार्षद की शिकायत के बाद भी बिजली कर्मचारी पोल को बदलने के लिए नहीं पहुंचे। सैकड़ों घरों की आपूर्ति ठप रही। शहर के कई इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही।

वार्ड 75 एजाजनगर गौटिया के पार्षद सादिक अंसारी ने बताया कि शनिवार सुबह पोल टूटकर गिर गया। सूचना विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को दी, लेकिन पोल गिरने के बाद भी सप्लाई बंद नहीं की गई। जिससे हादसा हो सकता था। सैकड़ों घरों में दोपहर तक आपूर्ति बाधित रही। वहीं शनिवार को सिविल लाइंस तृतीय सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में भी बिजली संकट रहा।

पीरबहोड़ा फीडर पर भी काम कराने के चलते दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बंद रही। सिविल लाइंस प्रथम सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने से उपभोक्ता परेशान हुए। वीरसावरकरनगर में शटडाउन के चलते बिजली गुल रही। इसके अलावा कुतुबखाना, मिशन, किला और सुभाषनगर क्षेत्र में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान होते रहे।

### पैनल बदलने के कारण सनसिटी सबस्टेशन से कल साढ़े सात घंटे बंद रहेगी बिजली

बिजली संबंधी कार्य के चलते सनसिटी सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में सोमवार को साढ़े सात घंटे आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह ने बताया कि सनसिटी सबस्टेशन पर वीसीबी पैनल बदलने का काम किया जाएगा। इससे सनसिटी, कुर्मांचलनगर, वीर सावरकरनगर, पीसी आजाद, पीरबहोड़ा समेत अन्य जगह पर सोमवार सुबह 10 : 30 से शाम 6 बजे तक का शटडाउन रहेगा।

# खण्डेलवाल एडिबिल ऑयल पर छापा, 31.55 लाख का तेल सीज

## शासन के निर्देश पर शाहजहांपुर और बरेली के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमों ने कई घंटे फैक्ट्री में रहकर टैंकों से विभिन्न ब्रांड के भरे आठ नमूने

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- न्यूट्रिप्लस रेपसीड ऑयल में गड़बड़ी की आशंका में 1485 कंटेनर सीज
- गौसगंज सराय स्थित फैक्ट्री में 27 दिन में दूसरी बार की गई छापेमारी

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर तेल में मिलावट के खेल पर अंकुश लगाने के लिए शाहजहांपुर और बरेली के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने 27 दिन में दूसरी बार फरीदपुर के गौसगंज सराय स्थित खण्डेलवाल एडिबिल ऑयल प्राइवेट लिमिटेड में छापा मारा। मिलावट होने के शक में कई ब्रांडों के नाम से बेचे जाने वाले तेल के टैंकों से आठ नमूने भरे। इस दौरान 22273 किलोग्राम तेल सीज कर दिया, जिसकी कीमत 31.55 लाख रुपये बतायी गई है। इस कार्रवाई से तेल कंपनियों में खलबली मची है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त के निर्देश पर शाहजहांपुर और बरेली के अधिकारियों की टीम ने कई घंटे खण्डेलवाल एडिबिल ऑयल फैक्ट्री में रहकर जांच की। अधिकारियों ने न्यूट्रिप्लस रेपसीड ऑयल, रिफाइंड पामोलिन ऑयल, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, रिफाइंड सोयाबीन क्लासिक पैक्ड, रिफाइंड मल्टीसोर्स एडिबल ऑयल, रिफाइंड राइसब्रान ऑयल, मस्टर्ड ऑयल, चक्रा ब्रांड मस्टर्ड ऑयल के तेल की जांच कर मिलावट के शक में आठ नमूने भरे। न्यूट्रिप्लस रेपसीड ऑयल में ज्यादा गड़बड़ी पर 1485 कंटेनर (प्रत्येक 15 लीटर) यानि करीब 22273 किलोग्राम तेल सीज कर दिया। अधिकारियों ने फैक्ट्री मालिक को निर्देश दिए हैं कि जिन टैंक से नमूने संग्रहित किये गये हैं, रिपोर्ट आने तक उनका माल प्रोसेस, बिक्री और पैकिंग में प्रयोग न करें। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

छापा मारने वाली टीम में शाहजहांपुर के सहायक आयुक्त (खाद्य) सेकेंड चन्द्र शेखर मिश्रा, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागेश मणि त्रिपाठी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बरेली अक्षय गोयल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शाहजहांपुर सौरभ सोनी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनय कुमार यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील सचान, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश, खाद्य सुरक्षा अधिकारी हिमांशु सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योत्सना त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार व इन्द्रजीत सिंह शामिल रहे।



नमूना सील करती महिला अधिकारी। ● अमृत विचार



खण्डेलवाल एडिबिल ऑयल फैक्ट्री में टैंक से नमूने भरते एफएसडीए के अधिकारी।

### टीमों ने 27 दिन पहले भी छापा मारकर 2.30 लाख रुपये का तेल किया था जब्त

**बरेली :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त एवं डीएम के निर्देश पर टीमों ने 19 जनवरी को गौसगंज सराय स्थित खण्डेलवाल एडिबिल ऑयल के खाद्य तेल पैकेजिंग इकाई पर छापा मारा था। मिलावट की आशंका पर परिसर में भंडारित सरसों का तेल ( माया ब्रांड नेपाल में निर्मित) के 15 किलोग्राम के टीन को खोलकर नमूना संग्रह किया। अवशेष 110 टीन ( प्रत्येक टीन 15 किलो) जिसका बाजार मूल्य 230000 रुपये को जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक विक्रय को प्रतिबंधित कर दिया। परिसर में ही भंडारित रैपसीड ऑयल ( साजन ब्रांड नेपाल में निर्मित) का नमूना संग्रह कर 30 टीन, जिसका बाजार 63000 रुपये की बिक्री पर रोक लगाई और नमूने भरे गए।



बिल्वा में जमीन का चिह्नांकन कराते अधिकारी। ● अमृत विचार

# राहत : बिल्वा में जल्द शुरू होगा बरातघर का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राजस्व और पंचायती राज विभाग ने भूमि चिह्नांकन कार्य पूरा किया
- खजुआ जागीर और मुड़िया हाफिज में भी बनेंगे बरात घर

**अमृत विचार:** भोजीपुरा ब्लॉक के बिल्वा ग्राम पंचायत में राजस्व एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने बरात घर निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का चिह्नांकन कार्य पूरा कर लिया है। अफसरों का दावा है कि जल्द बरात घर निर्माण शुरू होगा। 14 वें वित्त आयोग की परफॉर्मेंस ग्रांट बिल्वा के अलावा ग्राम पंचायत खजुआ जागीर और मुड़िया हाफिज में भी बरात घर का निर्माण होगा। एक बरात घर के निर्माण पर 3.41 करोड़ रुपये खर्च होंगे। निर्माण की जिम्मेदारी निदेशालय ने पटना की एक फर्म को सौंपी है। 50 फीसदी धनराशि जारी की जा चुकी है।

बिलवा में बरात घर के लिए पूर्व में चिह्नित जमीन पर निर्माण शुरू कराने से पहले उसकी नापजोख के लिए बीते एक जनवरी को राजस्व व पंचायतीराज विभाग के कर्मचारी पहुंचे थे। विरोध के चलते टीम को लौटना पड़ा था। इसके बाद नायब तहसीलदार विदित कुमार के नेतृत्व में टीम ने दोबारा गांव पहुंची। पुलिस को देखकर पैमाइश का कोई विरोध करने वाला नहीं आया।

डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया कि शनिवार को क्षेत्रीय लेखपाल, सचिव, प्रधान, ग्राम पंचायत के साथ कंसल्टिंग इंजीनियरों ने भी भूमि चिह्नांकन कार्य में सहयोग दिया।

उन्होंने बताया कि बरात घर निर्माण कार्य शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। तीनों गांवों में बरात घर बनने से स्थानीय ग्रामीणों को विवाह और सामाजिक आयोजनों के लिए एक बेहतर और समर्पित स्थल उपलब्ध होगा, जो गांव के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। यह चिह्नांकन ग्राम पंचायत की भूमि प्रबंधन समिति से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर किया गया है।



बरातघर का प्रस्तावित मॉडल।

# मॉर्निंग रेड : 346 घरों में पकड़ी गई बिजली चोरी, रिपोर्ट दर्ज



मॉर्निंग रेड के दौरान चेकिंग करती विद्युत टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर से लेकर देहात तक में शनिवार की सुबह मुख्य अभियंता के निर्देश पर बिजली चोरी पकड़ने के लिए मॉर्निंग रेड अभियान चलवाया गया। इस दौरान 346 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है।

बरेली जोन प्रथम में आने वाले सभी अधिशासी अभियंता, एसडीओ और अवर अभियंता के नेतृत्व में बिजली चोरी पकड़ने और राजस्व वसूली में सुधार के लिए मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। इसके तहत अलग अलग टीमों ने आंवला, बहेड़ी, लाल फाटक, कुतुबखाना, किला, मीरगंज, नवाबगंज, फरीदपुर, रिठौरा क्षेत्र में चेकिंग की गई। टीमों ने 676 परिसरों को चेक किया, जिसमें 346 मकानों में सीधे कटिया डालकर सीधी बिजली चोरी पकड़ी गई। टीम ने चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटकर उनकी केबल जब्त करके बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अभियान के दौरान 5.65 लाख रुपये का राजस्व भी जमा कराया गया।

> ऐसे औचक निरीक्षण लगातार चलते रहेंगे। बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं से बिजली बिल राहत योजना में पंजीकरण कराकर बिल जमा करने की अपील की है। **– ज्ञान प्रकाश, मुख्य अभियंता**

# महिलाओं में हिस्टरेक्टॉमी मामलों का ब्योरा मांगा

**बरेली,अमृत विचार :** राज्य स्वास्थ्य निदेशालय ने 20 से 30 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं में किए गए हिस्टरेक्टॉमी (गर्भाशय हटाने) ऑपरेशनों से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश शनिवार को जारी कर दिए।

निदेशालय ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सरकारी और निजी चिकित्सा संस्थानों में पिछले पांच वर्षों के दौरान हुए ऑपरेशनों का डेटा भेजने को कहा है। निदेशालय के निर्देश के अनुसार कुल ऑपरेशनों की संख्या के साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित महिलाओं का जातिवार विवरण भी उपलब्ध कराना होगा। निदेशालय ने ये डेटा 10 फरवरी तक ईमेल के माध्यम से भेजने के लिए कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले को गंभीर बताते हुए समयबद्ध और सटीक सूचना उपलब्ध कराने पर जोर दिया है।

# मार्डन विलेज अवैध, किया गया जमींदोज


कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिल्डर अमरजीत सिंह तीन हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में बसा रहे थे कालोनी
- भोजीपुरा क्षेत्र में कई अन्य बिल्डरों के डुप्लेक्स भवन भी बीडीए ने किए सील

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने शनिवार को भोजीपुरा क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान एक अवैध कॉलोनी को जमींदोज कर दिया गया, जबकि कई बिल्डर्स के बनाए डुप्लेक्स भवनों पर सील लगा दी।

बिल्डर अमरजीत सिंह के मार्डन विलेज के नाम से लगभग तीन हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना किसी स्वीकृति के भूखंडों का चिन्हांकन, सड़क निर्माण और बाउंड्रीवाल बनवाकर अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरे निर्माण क्षेत्र का निरीक्षण किया और पाया कि यह कार्य पूरी तरह से उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 के खिलाफ है। इस पर टीम ने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस अलावा बिल्डर सोनू सिंह ने 140 वर्गमीटर, सचिन ने 160 वर्गमीटर और राममूर्ति ने 180 वर्गमीटर में डुप्लेक्स भवन बनाए गए थे, जबकि इन्द्रजीत मेहता बिल्डर्स ने 1200 वर्गमीटर में 20 डुप्लेक्स भवन बनवाए। सभी निर्माण बिना स्वीकृत मानचित्र के पाए गए। बीडीए टीम ने इन सभी मकानों पर सीलिंग कार्रवाई की।प्राधिकरण की टीम में संयुक्त सचिव दीपक कुमार, विशेष कार्याधिकारी अजीत कुमार सिंह, सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह, गजेन्द्र शर्मा, विनोद कुमार, अवर अभियंता अजीत कुमार साहनी समेत अन्य तकनीकी स्टाफ शामिल थे। बीडीए वीसी मनिकन्डन ए. ने चेतावनी दी कि बिना मान्यता प्राप्त नक्शा और स्वीकृति के किसी भी प्रकार का निर्माण या प्लॉटिंग करना गंभीर अपराध है।

स्पष्ट कहा कि अवैध निर्माणों को तत्काल ध्वस्त किया जा सकता है और ऐसे निर्माणों में निवेश करने वाले लोग स्वयं जिम्मेदार होंगे। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि भवन या भूखंड खरीदने से पहले प्राधिकरण से मानचित्र की पुष्टि अवश्य कर लें।



अवैध कालोनी को ध्वस्त करता बीडीए का बुलडोजर। ● अमृत विचार

**योजना** | जिले में करीब 28 हजार व्यावसायिक वाहनों से परिवहन विभाग को आठ करोड़ का मिलेगा राजस्व

# वन-टाइम टैक्स से व्यावसायिक वाहन स्वामियों को राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बाइक से क्रेन श्रेणी तक के व्यावसायिक वाहनों पर अलग-अलग दरें तय
- नई व्यवस्था में तिमाही भुगतान से मुक्ति, आरटीओ के चक्कर होंगे कम

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने व्यावसायिक वाहन चालकों को राहत देते हुए वन टाइम टैक्स योजना लागू की है। इस योजना के तहत 7500 किलोग्राम तक वजन वाले व्यवसायिक वाहनों के मालिकों को अब टैक्स जमा करने में आसान सुविधा मिलेगी। इस योजना के तहत जिले में करीब 28 हजार व्यावसायिक वाहनों से परिवहन विभाग को लगभग आठ करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा।

आरटीओ प्रशासन के पंकज सिंह ने बताया कि इससे पहले टैक्सी, बाइक कैब, मैक्सी कैब, मालवाहक और अन्य विशेष व्यवसायिक वाहनों के संचालकों को सालाना या छह माह में टैक्स जमा करने की चिंता रहती थी। अब उन्हें वन-टाइम टैक्स विकल्प के जरिये राहत मिल जाएगी। नई योजना में अलग-अलग प्रकार के वाहनों के लिए टैक्स दरें निर्धारित की गई हैं। किराये या मेहनताना पर चलने वाली बाइकों के लिए टैक्स दर 12.5 प्रतिशत तय की गई है, जबकि तीन पहिया मोटर कैब पर यह सात प्रतिशत होगी। चार पहिया मोटर कैब और मैक्सी कैब के टैक्स की दर वाहन की कीमत पर निर्भर करेगी। 10 लाख रुपये तक की कीमत वाले वाहनों पर 10.5 प्रतिशत और उससे अधिक कीमत वाले वाहनों पर 12.5 प्रतिशत टैक्स लगेगा।

आरटीओ के अनुसार क्रेन, ड्रिलिंग मशीन और कंक्रीट मिक्सर जैसे विशेष व्यावसायिक वाहनों पर कुल मूल्य का 6 प्रतिशत टैक्स लागू होगा। मालवाहक वाहनों के लिए टैक्स उनकी कुल भार क्षमता पर आधारित होगा। तीन हजार किलोग्राम से अधिक जीवीडब्ल्यू वाले मालवाहक वाहन पर 3 प्रतिशत और 3,000 से 7,500 किलोग्राम तक जीवीडब्ल्यू वाले वाहन पर 6 प्रतिशत टैक्स निर्धारित किया गया है। इस योजना के लागू होने से व्यावसायिक वाहन चालकों को टैक्स जमा करने में सरलता होगी और प्रशासन को भी निश्चित राजस्व प्राप्त होगा।

### विलंब होने पर पेनाल्टी का नहीं रहेगा डर

कॉमर्शियल वाहन स्वामियों को टैक्स की अदायगी के लिए हर तीन माह में आरटीओ कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता था। किस्त भुगतान में विलंब हुआ तो बकाया टैक्स पर प्रति माह पांच प्रतिशत की दर से पेनाल्टी वसूल की जाती रही है। साथ ही वाहन पर टैक्स बकाये में परिवहन व पुलिस बंद करती रही है। ऐसे में यह जरूर है कि एक साथ धनराशि जमा करनी होगी।

### देशभर में कहीं भी कराएं वाहन फिटनेस जांच



आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग ने मोटर यान अधिनियम 1998 का 29वां अधिनियम भी प्रभावी कर दिया है। इसके तहत वाहन चाहे जिस जनपद से पंजीकृत हो फिटनेस देशभर में कहीं से भी लिया जा सकता है। इस प्रावधान से वाहन स्वामियों को अनावश्यक दौड़ भाग करने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग अपने गृह जनपद से वाहन खरीदने का प्रयास करते हैं, लेकिन नौकरी पेशा होने के कारण वाहन तैनाती वाले स्थान पर साथ रखते हैं। उक्त वाहनों की फिटनेस के लिए वाहनों के उन्हें गृह जनपद का रुख करना पड़ता। लेकिन, इस नियम के प्रभावी होने से किसी भी जनपद के परिवहन विभाग में फिटनेस के लिए आवेदन कर सकेंगे। संबंधित जनपद के अधिकारी पंद्रह दिन के भीतर फिटनेस जारी कर इसे ऑनलाइन अपलोड करेंगे।

# काम में लापरवाही पर एसएसओ को नोटिस

**बरेली, अमृत विचार :** काम लापरवाही पर जगतपुर सबस्टेशन पर तैनात एसएसओ को कारण बताओ नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है। सहायक अभियंता 33 केवी वर्टिकल के एसडीओ पारस रस्तोगी ने बताया कि एसएसओ सुनील ने शनिवार को ड्यूटी के दौरान जो कार्यप्रणाली अपनाई, वह न केवल सेवा नियमों के विरुद्ध है, बल्कि तकनीकी सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है।

आरोप है कि कर्मचारी ने शनिवार दोपहर 12:55 बजे सतीपुर लाइन ट्रिप होने के बाद बिना पेट्रोलिंग के मात्र 5 मिनट के भीतर सतीपुर फीडर ''चार्ज'' करने का दुस्साहस किया। ऐसे में पेट्रोलिंग न कराने के कारण फॉल्ट को दूर नहीं किया जा सका, जिससे 1 बजे दोबारा ट्रिपिंग हुई। एसएसओ को काम में सुधार लाने को कहा गया है।

# ईंटों की पक्की दीवार पर टिनशेड डालकर हो रही थी नमाज

## सरकारी जमीन कब्जाने के मामले में आरोपियों के खिलाफ हुआ था मुकदमा, जुर्माना भी डाला गया, कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : प्रशासन का दावा है कि सरकारी जमीन पर कब्जा करके भोजीपुरा स्थित पिपरिया गांव में विपक्षियों ने सरकारी जमीन पर अस्थायी मस्जिद बना रखी थी। ईंटों की पक्की दीवार पर टिनशेड डाल रखा था। जहां पर गांव के लोग नमाज अदा कर रहे थे। विपक्षियों के कोर्ट से मुकदमा हारने के बाद सदर प्रशासन की टीम ने शनिवार को बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की और मस्जिद को जमींदोज कर दिया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

तहसील प्रशासन का कहना है कि मस्जिद सरकारी बंजर भूमि पर बनी थी। कोर्ट के आदेश पर अवैध ढांचे को ध्वस्त कर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। इस भूमि को लेकर कानूनी विवाद 23 साल से चल रहा था। ग्राम सभा ने अवैध कब्जे के खिलाफ 2002 में तहसीलदार सदर कोर्ट में वाद दाखिल किया था। तहसीलदार कोर्ट ने 10 जनवरी 2003 में ग्राम सभा बनाम मोहम्मद बक्श में बेदखली आदेश पारित किया था। उसके बाद यह मामला अपर जिला जज/फास्ट न्यायालय कोर्ट-एक में चला, जहां से 28 अक्तूबर 2025 को भी पारित आदेश में तहसीलदार कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए वादी पक्ष का मुकदमा खारिज हो गया था। इसके बाद प्रशासन की टीम ने कार्रवाई की है।



जेसीबी से निर्माण को ध्वस्त कराया गया। ● अमृत विचार



कार्रवाई के दौरान मौके पर मुस्तैद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- ग्राम सभा ने 2002 में अवैध मस्जिद के खिलाफ तहसील सदर में दाखिल किया था वाद
- जिला जज न्यायालय से वाद खारिज होने के बाद प्रशासन ने की ध्वस्तीकरण कार्रवाई

### कार्रवाई के दौरान छावनी में बदल दिया गांव

प्रशासनिक टीम पुलिस और पीएसी के जवानों के साथ शनिवार दोपहर मौके पर पहुंची। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए गांव को पूरी तरह छावनी में तब्दील कर दिया गया। गांव के प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई और बाहरी लोगों की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखी गई। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में बताई जा रही है, सतर्कता के लिहाज से गांव में पुलिस और पीएसी तैनात है। पुलिस-प्रशासनिक अफसर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

### गांव के बाहर रोके गए भीम आर्मी के नेता



सरकारी बंजर जमीन पर कब्जा करके बनाई गई मस्जिद के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की सूचना मिलने पर भीम आर्मी के कुछ नेता और कार्यकर्ता गांव पहुंचने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर पहुंचने से पहले ही गांव के बाहर रोक लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई पूरी तरह न्यायालय के आदेश पर की जा रही है, इसलिए किसी भी प्रकार के राजनीतिक या संगठनात्मक हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी। मस्जिद को गिराने के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सीओ हाईवे के नेतृत्व में कई थानों की फोर्स और पीएसी के जवानों ने पूरे इलाके को घेरे रखा था।

### 17 साल केस लड़ने के बाद प्रशासन ने हटवाया अवैध निर्माण

**बरेली** : एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने बताया कि 1474 (ख) गाटा संख्या बंजर भूमि है। 2008-09 में तहसीलदार सदर कोर्ट ने बंजर भूमि पर किए अवैध निर्माण के विरुद्ध बेदखली का आदेश जारी कर विपक्षियों पर जुर्माना लगाया था। उस आदेश के विरुद्ध विपक्षी एडीजे फास्ट ट्रैक की कोर्ट में 2014 में अपील में चले गए थे, 2022 तक मुकदमा चला। 2022 में कोर्ट से निर्णय प्रशासन के पक्ष में आ गया। उसके बाद विपक्षी ने जिला न्यायालय में अपील डाली। सुनवाई के दौरान दिसंबर 2025 में फिर खारिज हो गयी। फिर नोटिस दिए गए, मस्जिद हटाने के लिए मौखिक भी कहा गया, लेकिन नहीं हटाया। कोर्ट के अनुपालन में कार्रवाई की गयी।

# दुकानदार को रंजिश मारपीट कर किया घायल

- सीबीगंज पुलिस ने पांच लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट

**सीबीगंज, अमृत विचार:** पुरानी रंजिश के चलते गांव के कुछ दबंगों ने एक दुकानदार को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज किया है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव जौहरपुर निवासी चंपा देवी ने बताया कि गत 5 फरवरी की सायं करीब आठ बजे उनका पुत्र विशाल गुप्ता अपनी दुकान पर था। इसी दौरान गजेंद्र सागर पुत्र प्रमोद सागर दुकान पर आया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगा। बेटे ने विरोध किया तो गजेंद्र, उसके भाई सचिन, अर्पित सागर, गजेंद्र की पत्नी एवं उसकी मां ने लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी।

# मंत्री ने एसडीएम से कहा- मंदिर के निर्माण में न डालें बाधा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसडीएम सदर को भेजी चिट्ठी में कहा है कि गिरधारीपुर में रूप चंद्र ने मंदिर बनवाया है, प्रधान ने केस करा दिया
- रूप चंद्र शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत के साथ पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की चिट्ठी भी साथ लाया

**अमृत विचार:** तहसील सदर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपनी शिकायत के साथ गिरधारीपुर निवासी रूप चंद्र कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की चिट्ठी भी साथ लेकर पहुंचे। एसडीएम सदर को शिकायत संग चिट्ठी भी सौंपी। कैबिनेट मंत्री की चिट्ठी में एसडीएम सदर के लिए लिखा है कि रूप चंद्र ने गांव में ही मंदिर बनवाया है, उस पर ग्राम के प्रधान ने केस कर दिया है कि यह ग्राम पंचायत की जमीन है, जबकि न्यायालय का निर्णय भी रूप चंद्र के पक्ष में है। एसडीएम सदर को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में कोई बाधा न डाली जाए, बाउंड्री बाल का निर्माण करा दें।

रूपचंद्र ने अपनी शिकायत में है कि वह भोलेनाथ मंदिर का सर्वराकार है। उसकी देखभाल करता आ रहा है। आरोप है कि प्रधान ने एक लाख पचास हजार रुपये मंदिर की बाउंड्री बाल बनवाने के लिए मांगे थे, रुपये न देने पर उससे रंजिश मान रहे हैं। उसने दूसरे पक्ष पर खेत और चकरोड पर कब्जा करने का आरोप लगाया।



सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे फरियादी।

प्रकरण में जांच करायी जा रही है। इधर, मंत्री धर्मपाल सिंह की एक और चिट्ठी संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची। उसमें कहा है कि किला छावनी निवासी कृष्ण के साथ उसकी पुत्रबधू अपमानजनक व्यवहार करती है। घर में रहने नहीं दे रही है, जांच कराकर इनकी मदद करें। एसएचओ किला को जांच दी गयी है। संपूर्ण समाधान दिवस में 11 बजे तक एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने सुनवाई की, उसके बाद एसपी सिटी मानुष पारिक ने सुनवाई की।

**महिला की 2022 में पेंशन स्वीकृत, मिली अब तक नहीं :** क्यारा ब्लॉक के पालपुर कमालपुर निवासी 70 वर्षीय चम्पा देवी पत्नी स्व. रामबाबू ने शिकायत करते हुए कहा है कि 2022 में उसकी वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत की गयी थी लेकिन आज तक उसे पेंशन की धनराशि का एक रुपया नहीं मिला। वह बेहद आर्थिक संकट में अपना जीवन यापन कर रही है। पेंशन की धनराशि दिलाने की मांग की।

### रिटायर्ड दरोगा पर प्लॉट कब्जाने का आरोप

सनैयारानी मेवाकुंवरपुर निवासी जमीलन पत्नी स्व. नवीशेर खां ने शिकायत करते हुए कहा है कि उसके पुत्र का प्रधानमंत्री आवास योजना में नंबर आया था। 25 जनवरी को वह अपने पुत्र वारिश खां के साथ प्लाट पर मकान की नींव खोदने गयी थी। एक रिटायर्ड दरोगा कुछ लोगों के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज कर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। न देने पर एससी-एसटी केस में मुकदमा दर्ज कराने को धमकाया। कुछ लोगों के एकत्र होने पर भाग गए। जानमाल का खतरा बताते हुए विधवा ने कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# ढाबे पर देह व्यापार, 7 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर स्थित ढाबे में जिस्मफरोशी का धंधा चल रहा था। सीओ हाईवे को मिली सूचना के आधार पर भोजीपुरा पुलिस ने छापा मारकर पूरे रैकेट का भंडाफोड़ कर दिया। देह व्यापार में शामिल ढाबा संचालक समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं।

दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर मौजूद ढाबे की आड़ में ढाबा संचालक सेक्स रैकेट चला रहा था। ढाबे पर बने कमरों के अंदर ग्राहकों को महिलाओं को परोसा जा रहा था। पुलिस के मुताबिक ढाबा संचालक कुंवरपाल व मालिक रामगंगा विहार निवासी गजेंद्र सिंह इस रैकेट को संचालित कर रहे थे। भोजीपुरा पुलिस को इसकी भनक लगी तो छापा मारकर रामपुर निवासी ढाबा संचालक कुंवर पाल सिंह, थाना इज्जत नगर क्षेत्र निवासी शोभाराम, थाना देवरनियां के मोहल्ला इस्लामुद्दीन निवासी नाजिम व परवेज के साथ ही तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। ढाबा मालिक गजेंद्र सिंह फरार है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

- सीओ हाईवे को मिली सूचना के बाद दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर पुलिस ने दी दबिश
- पुलिस का दावा- ढाबा संचालक कुंवरपाल यादव की शह पर चल रहा था नेटवर्क

### दरोगा का है ढाबा, किराये पर चला रहा था संचालक

पूछताछ में पकड़ी गई महिलाओं ने बताया कि वह सभी हाईवे पर मिलने वाले ग्राहकों को ढाबे पर लेकर आती थीं। 500 से 2000 रुपये तक में सौदा तय होने के बाद यहां कमरों के अंदर मौज मस्ती और पुरुषों के साथ संबंध बनाती थीं। कमाई का एक हिस्सा ढाबा संचालक कुंवरपाल भी लेता है। पकड़े गए कुंवरपाल ने बताया कि ढाबा किसी दरोगा का है, वह रिसेप्शन पर बैठता है। फिलहाल ढाबा गजेंद्र ने किराये पर ले रखा है। पुलिस फरार गजेंद्र की तलाश कर रही है।

# गैर इरादतन हत्या में दो भाइयों समेत चार को 7 वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली

- क्रॉस केस में दूसरे पक्ष के 4 दोषियों को 3-3 वर्ष कारावास

**अमृत विचार:** 13 वर्ष पूर्व जमीन बंटवारे के विवाद में महिला की गैर इरादतन हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कुमारी अफशां ने थाना शेरगढ़ के नगरिया कलां निवासी लेखराज, पप्पू उर्फ चरन सिंह (सगे भाई), शिशुपाल, सत्यपाल को दोषी पाते हुए प्रत्येक को 7-7 वर्ष कारावास व प्रत्येक को 13500-13500 रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। वहीं, इसी मामले में दर्ज क्रॉस केस में मानसिंह, जयप्रकाश, महावीर, बाबूराम को 3-3 वर्ष कारावास व 7500-7500 रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।

डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत व एडीजीसी क्राइम सुनील कुमार पाण्डेय ने बताया कि 28 सितम्बर 2012 को वादी मान सिंह ने थान शेरगढ़ में तहरीर देकर बताया था कि लेखराज, पप्पू उर्फ चरन सिंह, शिशुपाल, सत्यपाल उससे जमीन के बंटवारे को लेकर रंजिश मानते हैं। इसी बात को लेकर मुल्जिम उसे असलम के घर के सामने घेरकर लाठी-डंडों से मारने लगे। कहने लगे कि साले आज देखते हैं जमीन पर कब्जा कैसे नहीं करने देगा। शोर पर उसकी पत्नी पार्वती व मीना देवी, जयप्रकाश, महावीर, फात्मा उसे बचाने को आये तो इनको भी मारपीट कर घायल कर दिया। इलाज के दौरान मीना देवी की 29 सितम्बर 2012 को मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 9 गवाह पेश किये थे। वहीं दूसरे पक्ष ने भी मानसिंह, जयप्रकाश, महावीर, बाबूराम मारपीट, चोट पहुंचाने का आरोप लगाते हुए क्रॉस केस दर्ज कराया था।

# दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बरेली, अमृत विचार:** युवती को होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश करके बाद जेल भेज दिया गया।

कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में शख्स ने बताया था कि जिला बिजनौर के थाना नजीबाबाद के आदर्श नगर निवासी विपिन कुमार उर्फ सुमित कटारिया ने उसकी बेटी को प्रेम जाल में फंसाया और जंक्शन के एक होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। उसके बाद उसके अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। उसने 9 अगस्त 2022 और 9 जनवरी 2023 को दोबारा होटल में बुलाकर शारीरिक संबंध बनाकर 35 हजार रुपये की रंगदारी वसूली।

आरोप है कि उसके बाद अंतिम बार सितंबर 2025 में उसे पुराने बस अड्डे के एक होटल में बुलाकर संबंध बनाए थे। उसके बाद एक लाख रुपये नहीं देने पर फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी को चौपुला चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

# विदेश से आने के बाद ड्राइवर बन गया तस्कर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- झारखंड की जेल में बंद भाई से मुलाकात के दौरान तस्कर से हुई थी पहचान

**अमृत विचार:** विदेश से ड्राइविंग करके भारत लौटा एक युवक तस्करी करने लगा। बारादरी पुलिस ने उसे 19 लाख रुपये की अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की झारखंड की जेल में बंद भाई से मुलाकात के दौरान तस्कर से पहचान हुई थी।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि शुक्रवार की रात बारादरी पुलिस और एएनटीएफ की टीम ने चेकिंग के दौरान पीलीभीत बाईपास डोहरा मोड़ से एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अली हसन निवासी एजाज नगर गौटिया बताया। उसके पास से 19 लाख की कीमत की 752 ग्राम अफीम बरामद हुई। इसके अलावा मोबाइल फोन और दो हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसे कोर्ट में पेश किया। अली हसन ने पूछताछ में बताया कि वह 8वीं कक्षा तक पढ़ा है। वह पहले कुवैत में ड्राइविंग करता था। कुछ समय पहले ही वह भारत लौटा था। उसने बताया कि झारखंड के डाल्टनगंज जिला कारागर में उसका छोटा भाई जीशान दो अन्य लोगों के साथ बंद है। वह 26 जनवरी को जेल में अपने भाई से मिलने गया था। वहां पर उसकी मुलाकात नोकिया नाम के युवक से हुई थी। नोकिया से उसने अफीम खरीदी थी। शुक्रवार को वह झारखंड से अफीम लेकर शहर आया था। जिसे वह बेचने की फिराक में था, लेकिन उससे पहले पुलिस ने उसे पकड़ लिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी तस्कर।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★ पतले-दुबले ★ गाल पिचके ★ कमजोर स्त्री-पुरुष ★ मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें
बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध
गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

सिटी ब्रीफ

## पैसे लेने के बाद भी नहीं कराया जमीन का बैनामा

**बरेली, अमृत विचार :** जमीन बेचने के नाम पर पैसे लेकर भी आरोपियों ने बैनामा नहीं कराया। आरोप है कि उसके बाद किसी अन्य को जमीन बेचकर पैसे भी वापस नहीं किए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बारादरी थाना क्षेत्र के कटरा चांद खां निवासी सगीर अहमद ने बताया कि उसका खाईखेड़ा गांव में आसमा, ताजीम खां, शहीम खां, सिराजन निवासी हाफिजगंज से सवा बीघा जमीन का सौदा 15 लाख में तय हुआ था। जिसके बाद उसने कई बार में 5 लाख रुपये दे दिए। पैसे देने के बाद उसने जगह का बैनामा कराने को कहा तो उन्होंने कुछ समय बाद बैनामा कराने की बात कही। लेकिन आरोपियों ने न जमीन का बयनामा कराया और न ही उसके पैसे वापस किये। साथ ही वह जमीन किसी अन्य के हाथों बेच दी।

## अपना दल एस ने पंचायत चुनाव का बिगुल फूंका

**बरेली, अमृत विचार :** अपना दल (सोनेलाल) के जिलाध्यक्ष एड. अनुज गंगवार की अध्यक्षता में शनिवार को आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बैठक हुई। तय किया गया कि संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा और पंचायत चुनाव में ईमानदार, जमीनी और संघर्षशील प्रत्याशी ही मैदान में उतारे जाएंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की बुनियाद हैं और इन्हें भ्रष्टाचार, परिवारवाद और दिखावटी राजनीति से मुक्त करना जरूरी है। इंजीनियर मनीष कुमार, अतुल पटेल, अमित कुमार गंगवार, सुरेन्द्र गंगवार, नरेश कश्यप, जैक सैनी, सतीश पटेल, दिग्विजय गंगवार आदि मौजूद रहे।

## मुसलमानों का वोट लेकर पार्टियों ने ठगा

**बरेली/भोजीपुरा, अमृत विचार :** ग्राम जटोआ व रूपपुर पैगा में आयोजित मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन की जनसभा में मजलिस के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली ने कहा तथाकथित सेकुलर पार्टियों सपा, बसपा, कांग्रेस ने मुसलमानो को भाजपा का डर दिखाकर वोट तो हासिल किए मगर उनके साथ हो रहे अन्याय में साथ कभी नहीं दिया। मुसलमान का अपना प्लेटफार्म मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन है जो उनके हक के लिए संघर्ष कर रही है। मेहताब चौहान, नदीम कुरैशी, एहतेशामुद्दीन मंसूरी, शादाब एसके आदि मौजूद रहे।

# सपा शासन में कंगाल हुआ प्रदेश, अब चमकेगी सूरत : डॉ. महेंद्र सिंह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री और एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि समाजवादी पार्टी के शासन में उत्तर प्रदेश में पूरी तरह जंगलराज कायम था। इतना ही नहीं प्रदेश कंगाली की कगार पर पहुंच गया था। उस समय प्रदेश में 125 से अधिक दंगे हुए थे। पूरा उत्तर प्रदेश तबाही के कगार पर खड़ा था, लेकिन आज वही यूपी 'सरप्लस स्टेट' के नाम से जाना जा रहा है। मौजूदा समय में प्रदेश की कृषि विकास दर 14 प्रतिशत और इंडस्ट्रियल ग्रोथ रेट 7.6 प्रतिशत पर है। यूपी अब देश में प्रथम स्थान पर है।



जानकारी देते पूर्व मंत्री एवं एमएलसी डॉ. महेंद्र सिंह, साथ में वनमंत्री अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल, मेयर डॉ. उमेश गौतम व अन्य।

पूर्व मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह ने शनिवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में लगभग 2.80 लाख करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश के खाते में आया है। उन्होंने कहा कि यूपी को दो हाई-स्पीड ट्रेन कॉरीडोर मिले हैं, वाराणसी से हल्दिया तक वॉटर-वे का लाभ भी प्रदेश को मिल रहा है। नेशनल हाईवे में यूपी का बहुत बड़ा योगदान है और लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों के लिए 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। हर जिले के अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर बनने से राज्य को अभूतपूर्व लाभ होगा। उन्होंने कहा कि हमारी जीडीपी 2013 में जहां 113 लाख करोड़ थी, आज वह 4.56 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई है। तुलनात्मक आंकड़े पेश करते हुए उन्होंने बताया कि 2013 में बिजली उत्पादन 2,29,476 मेगावाट था, जो अब बढ़कर 4,69,578 मेगावाट हो गया है। ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में भी देश 76 गीगावाट से 230 गीगावाट पर पहुंच गया है। यूपी में कनेक्टिविटी का जाल बिछा है, जिसमें 8 एक्सप्रेस-वे, 16 एयरपोर्ट और 42 मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हैं।

- केंद्रीय बजट का बड़ा हिस्सा यूपी की झोली में, भाजपा ने दिखाई विकास की राह

### 2047 तक विकसित भारत का सपना होगा साकार

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार होगा। अमेरिकी टैरिफ के उतार-चढ़ाव को लेकर छिड़ी वैश्विक बहस के बीच डॉ. महेंद्र सिंह ने इसे प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी कामयाबी बताया। साफ किया कि जो टैरिफ अमेरिका ने बेतहाशा बढ़ाया था, उसे मोदी सरकार ने बातचीत के दम पर नीचे लाकर देश को बड़ी राहत दी है। इस दौरान वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सांसद छत्रपाल गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, विधायक एमपी आर्या, एमएलसी बहोरनलाल मौर्य, आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना मौजूद रहे।

## जनता दल सेक्युलर के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे बरेली


समर्थकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष ओंकार।

**बरेली, अमृत विचार:** जनता दल सेक्युलर के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह शनिवार को बरेली पहुंचे। जंक्शन पहुंचने पर उनका फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। जंक्शन पर अतिथि गृह में जिला पंचायत चुनाव पर चर्चा हुई। महंत हिमांशु गिरि गोस्वामी, डॉ इतराउद्दीन, अधिवक्ता शाहरुख खान, कमल प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।

# कश्मीर में स्टार्टअप को सरकार दे रही बढ़ावा, नवाचार अपनाएं

## रुविवि में वतन को जानो कार्यक्रम में उद्यमिता, कौशल विकास समेत कई सत्र हुए, कश्मीरी युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयत्नशील रहने की दी सीख

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में माय भारत वतन को जानो कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को कौशल विकास, स्टार्टअप नीतियों, करियर, पर्यावरण और कॉरपोरेट एवं औद्योगिक घरानों के साथ संवाद के साथ कश्मीर को कैसे जाने विषय पर कई सत्र आयोजित हुए। सांस्कृतिक संध्या में युवाओं की प्रस्तुतियों में कश्मीर की झलक दिखी।

प्रथम सत्र में फ्यूचर यूनिवर्सिटी के कुलसचिव कृष्णपाल सिंह चौहान ने उद्यमिता, कौशल विकास और करियर पर युवाओं को व्याख्यान दिया। स्टार्टअप मेंटर डॉ. नवनीत शुक्ला ने स्टार्टअप नीतियों पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को बताया कि कश्मीर में हॉस्पिटेलिटी, टूरिज्म और एडवेंचर आधारित स्टार्टअप को सरकार समर्थन कर रही है। उन्होंने कई स्टार्टअप की सफलता को साझा करते हुए बताया कि सभी को अपने जीवन में नवाचार अपनाना चाहिए। कॉरपोरेट एवं औद्योगिक घरानों के साथ संवाद पर पर भी प्रकाश डाला। तीसरे सत्र में राज श्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी के निदेशक पंकज शर्मा ने युवाओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर उसके प्रति प्रयत्नशील रहने की सीख दी। विश्वविद्यालय की डॉ. छवि शर्मा ने भी विचार रखे। कश्मीर को कैसे जानें विषय पर संवाद सत्र में कश्मीर की विभिन्न संस्कृति, परम्परा, खान-पान आदि पर जिलों में ग्रुप प्रस्तुतिकरण किया गया।



वतन को जानो कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं कश्मीरी युवतियां। ● अमृत विचार


रुहेलखंड यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कश्मीरी युवा व अन्य। ● अमृत विचार

सांस्कृतिक संध्या कश्मीरी युवाओं विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। माय भारत की उपनिदेशक पुष्पा सिंह, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी, योगेश कुमार, राज्य प्रशिक्षक अजय राज शर्मा, अमित तोमर, प्रो. राकेश मौर्या, डॉ. सुमित श्रीवास्तव, डॉ. अनिल बिष्ट, चीफ वार्डन प्रो. अशोक कुमार सिंह, मोहित शर्मा, आलोक, तरुण, शिवांग, काजल, वीरेंद्र सिंह, अनीता सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कश्मीर में बुनियादी ढांचे में हुआ बदलाव, यात्रा को बताया यादगार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** वतन को जानो कार्यक्रम में शामिल होने आए कश्मीरी युवाओं ने अमृत विचार से अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान उनसे कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद हुए बदलावों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि कश्मीर में शिक्षा, बुनियादी ढांचे और करियर अवसरों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। उनके अनुसार डिजिटल शिक्षा संसाधनों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बेहतर साधनों से छात्रों को नई दिशा मिली है। उन्होंने कश्मीर को पर्यटन के हिसाब से सुरक्षित बताया। उन्होंने बरेली यात्रा को यादगार बताया।

श्रीनगर की मेडिकल छात्रा हुज्जत मंजूर ने बताया कि उनकी बरेली की यात्रा का अनुभव बहुत अच्छा रहा। कार्यक्रम में लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी भी दी जा रही है। उन्हें देश के अन्य राज्यों को जानने का अवसर मिल रहा है। बारामूला के एमएससी जूलॉजी के छात्र इंकलाब इरफान ने माय भारत वतन को जानो कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां के संस्कृति के बारे में पता चल रहा है। वहीं, स्थानीय लोगों को कश्मीर की संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिल रहा है। बरेली से पहले वे ग्वालियर और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी भी जा चुके है। 11 वीं कक्षा की फराना यासीन ने कहा कि उन्हें यहां का रहना, खाना और लोग सभी पसंद आ रहे हैं। उन्हें इस कार्यक्रम उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है। नेहा खान ने भी इस यात्रा को ज्ञानवर्धक बताया। कामरान अली और श्रीनगर के छात्र ताहिर हुसैन ने भी अपने अनुभव साझा किए।

- वतन को जानो कार्यक्रम में आए कश्मीरी युवाओं ने अमृत विचार से साझा किए अनुभव
- बोले-प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बेहतर साधनों से छात्रों को मिली नई दिशा


कार्यक्रम में बोलते प्रो. पंकज शर्मा।

# निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाता है शतरंज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** केशलता इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता और रणनीतिक सोच को विकसित करने के उद्देश्य से शनिवार को इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक डॉ. लता अग्रवाल, प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी, उपप्रधानाचार्य डॉ. निशा शर्मा और प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा की उपस्थिति में हुआ।

प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों अग्नि, वरुण, पृथ्वी और वायु के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने खेल कौशल और धैर्य का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सीनियर बालिका वर्ग में वरुण हाउस की प्रशंसा गंगवार प्रथम रही। सीनियर बालक वर्ग में पृथ्वी हाउस के मानवेंद्र सिंह विजेता बने। जूनियर बालक वर्ग में पृथ्वी हाउस के दुर्वांग पटेल ने पहला स्थान हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग में अग्नि हाउस की कनिष्का पाल विजेता रही।


शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे, मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

- इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई रणनीतिक सोच और एकाग्रता

विद्यालय की निदेशक डॉ. लता अग्रवाल ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि शतरंज जैसे खेल विद्यार्थियों में निर्णय लेने की क्षमता और मानसिक विकास को बढ़ावा देते हैं। प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उप प्रधानाचार्या डॉ. निशा शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शतरंज जैसे बौद्धिक खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, धैर्य तथा तार्किक सोच को विकसित करते हैं, जो उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन में सहायक सिद्ध होते हैं।

प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना एवं नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देती हैं। विद्यालय भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। आयोजन में आकाश पटेल, रचना, रूबी पाठक, भावना त्रिखा, आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।


कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

# बजट पर शैक्षणिक परिचर्चा छात्रों ने प्रस्तुत किये विश्लेषण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्री सिद्धि विनायक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में शनिवार को केंद्रीय बजट 2026 की प्रमुख घोषणाओं और उनके सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को समझने के उद्देश्य से शैक्षणिक परिचर्चा और पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में एमबीए, बीबीए, बीकॉम और बीकॉम (ऑनर्स) के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए कृषि, अवसंरचना, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल अर्थव्यवस्था और सामाजिक कल्याण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर तथ्यपरक एवं विश्लेषणात्मक प्रस्तुतियां दी। प्रस्तुतियों में आंकड़ों, चार्ट्स और व्यावहारिक उदाहरणों का प्रभावी उपयोग देखने को मिला। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सुदितिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि फिजा और तिक्षिता द्वितीय तथा सोनम और त्रप्ति तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल ने विजेता विद्यार्थियों की विषय समझ, प्रस्तुति शैली और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत मैनेजमेंट निदेशक विमल चौधरी के संबोधन से हुई। प्रीति राठौर, सुधाकर जैन, जितेंद्र सिंह चौहान, देवेंद्र उपाध्याय, एचएस गंगवार और अभिनव सक्सेना की उपस्थिति रही। मिली सहगल ने आभार जताया। संचालन सुदितिका परमार ने किया।

# भाकियू टिकैत का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बरेली इकाई के पदाधिकारियों ने गन्ना समिति में मासिक पंचायत कर विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को सौंपा। कई पदाधिकारी तहसील सदर में गए।

गन्ना समिति में राजपाल प्रेमी की अध्यक्षता में हुई पंचायत में जिला प्रवक्ता हाजी एम. इकबाल एडवोकेट ने कहा कि आम के बाग, अन्य फलों का बीमा एजेंट मौके पर जाकर किसान की सहमति से करें। आम, आलू, बाजरा, सरसों, मक्का का समर्थन मूल्य 60 रुपये प्रति किलो घोषित किया जाए। ताकि किसानों की आय दोगुनी की जा सके। बजट में बड़ी योजनाएं घोषित की जाती हैं, लेकिन किसानों और बागवानों तक नहीं पहुंच पाती हैं।

तहसील अध्यक्ष काशिम रजा ने कहा कि छुट्टा पशुओं, बंदरों व जंगली सुअरों से फसलों को बचाने के लिए बागों की तार, बाउंड्री व झटका मशीन उपलब्ध कराने की मांग की। ग्राम सिमरा अजूबा बेगम में 40 बीघा बाग में 200 पौधे लगाए गए। वर्ष 2022-2023 में सरकार ने झटका मशीन व तार उपलब्ध नहीं कराए, इससे छुट्टा पशुओं, बंदरों, नीलगाय, जंगली सुअरों ने सभी पेड़ों को नष्ट कर दिया।


कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे भाकियू नेता। ● अमृत विचार

- पदाधिकारियों ने गन्ना समिति में मासिक पंचायत करने के बाद सौंपा ज्ञापन

बाग, गन्ने व अन्य फसलों में कीटनाशक कॉपर ऑक्सी किलो राइट, दीमक नष्ट करने की दवाई सरकारी गोदामों पर उपलब्ध नहीं है। आमिर रजा ने कहा कि सेटेलाइट बस स्टैंड से शाहजहांपुर रोड पर रोडवेज की बसें खड़ी रहती हैं। सवारी भरने को वहीं टेंपो वाले भी रहते हैं। सामने पुलिस चौकी है, लेकिन ई रिक्शा और टेंपो रोड पर हर तरफ आगे पीछे घूमते रहते हैं, इससे जाम की स्थिति रहती है। शाहजहांपुर रोड पर नकटिया पुल से इन्वर्टिस तक फुटपाथ पर रेता, बजरी, ठेले वालों ने अतिक्रमण कर रखा है। इस वजह से हादसे का डर बना रहता है।

वीर बहादुर गंगवार ने स्कूल-कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे से तम्बाकू, गुटखा की दुकान व खोखे हटाने की मांग की। राजा, शरीफ अहमद, जय सिंह यादव, असगर शाह, नदीम हुसैन, मो. शाहिद, गेंदनलाल, बेनीराम, फैसल, हिमांशु, जैनुल मौजूद रहे।

# छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों ने दीक्षांत समारोह को बनाया यादगार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** हार्टमन विद्यालय सभागार में शनिवार को 17वां किंडरगार्टन दीक्षांत समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार ने शिक्षकों और अभिभावकों की सराहना करते हुए नई शिक्षा नीति के तहत तैयार किए गए किंडरगार्टन पाठ्यक्रम की प्रशंसा की।

प्रधानाचार्य फादर अनिल कुल्लू ने अभिभावकों और अतिथियों का अभिनंदन किया। शैक्षणिक प्रभारी डॉ. शालिनी जुनेजा ने पिछले वर्ष की उपलब्धियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में नर्सरी, केजी और कक्षा-एक के छात्रों ने गीत, नृत्य और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। छात्रों ने दो वर्ष के अनुभव और सीख को साझा किया, वहीं कक्षा-चार और पांच के छात्रों ने स्वास्थ्य और विश्व शांति संदेश से प्रेरित नाटिका और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

- हार्टमन विद्यालय में 17वां किंडरगार्टन दीक्षांत समारोह धूमधाम से मनाया गया
- केजी छात्रों ने पूरा किया पहला शैक्षणिक सफर, माता-पिता और शिक्षकों ने दी बधाई


दीक्षांत समारोह में मौजूद विद्यार्थी, डीआईओएस व अन्य। ● अमृत विचार

विशिष्ट अतिथि फादर विन्सेंट पास्कल ने बच्चों को उनके पहले शैक्षणिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके माता-पिता के योगदान की भी सराहना की। कार्यक्रम के अंत में केजी के छात्रों को उपाधियां वितरित की गईं और अध्यापिकाओं ने भावुक मन से छात्रों के रजिस्टर प्रधानाचार्य को सौंपे। फादर अनिल कुल्लू ने सभी छात्रों को विद्यालय के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलवाई और विद्यालय गान के साथ दीक्षांत समारोह का समापन हुआ।

# पुरानी और कम उत्पादक गन्ना किस्मों को बदलें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उप गन्ना आयुक्त राजेश मिश्र ने गन्ना भवन के सभागार में शनिवार को मासिक समीक्षा बैठक की। चीनी मिलों को निर्देश दिए कि शेष भुगतान शासन के निर्देशों के अनुरूप समय पर पूरा कराएं। प्रत्येक क्रय केंद्र पर व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहें।

चीनी मिल क्षेत्रों में उन्नत गन्ना बीज की उपलब्धता, बीज वितरण व्यवस्था एवं क्षेत्र विस्तार की प्रगति की समीक्षा कर निर्देश दिए कि किसानों को उच्च उत्पादकता वाली उन्नत किस्मों के बीज उपलब्ध कराएं। पुरानी एवं कम उत्पादक किस्मों को चरणबद्ध तरीके से बदलें। उप गन्ना आयुक्त ने गन्ना विकास अधिकारियों को वसंत कालीन गन्ना बुवाई को समयबद्ध, संतुलित एवं लक्ष्य संगत रूप से सम्पन्न कराने के लिए माइक्रोप्लान आधारित प्रशासनिक रणनीति को क्रियान्वयन स्तर पर सशक्त बनाने के निर्देश दिए। जिला गन्ना अधिकारी आदि मौजूद रहे।


समीक्षा बैठक करते उप गन्ना आयुक्त। ● अमृत विचार

- उप गन्ना आयुक्त ने मासिक समीक्षा बैठक में अफसरों को दिये निर्देश

## सिटी ब्रीफ

### देवांश मिस्टर और अनन्या बनीं मिस एपीएस

**बरेली, अमृत विचार :** आर्मी पब्लिक स्कूल कैंट में शनिवार को विदाई समारोह फेयरवेल-2026 का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा 11वीं के विधार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांधा। फेयरवेल 2026 में देवांश मिस्टर एपीएस और अनन्या बहुगुणा मिस एपीएस चुनी गई। आदित्य रानाकोटी को मिस्टर फेयरवेल और मोईसामते ने मिस फेयरवेल का क्राउन खिताब अपने नाम किया। अन्य तीस विधार्थियों को भी विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिरोही ने सेशे पहनाकर विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया। प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिरोही, उपप्रधानाचार्य नंदकिशोर माथुर आदि मौजूद रहे।

### करियर काउंसिलिंग में विद्यार्थियों को दी जानकारी

**बरेली/देवरनियां, अमृत विचार :** रिछा के एचएमआई इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 8 से 10 के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष करियर काउंसलिंग कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में एएमयू यानी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अनुभवी विशेषज्ञ कैरियर काउंसलर्स ने विद्यार्थियों को विज्ञान, वाणिज्य, कला, तकनीकी, व्यावसायिक एवं कौशल आधारित करियर विकल्पों की जानकारी दी। छात्रों को विषय चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा रोजगार की संभावनाओं से भी अवगत कराया गया।

### हज यात्रियों का टीकाकरण शिविर 10 को लगेगा

**बरेली, अमृत विचार :** हज यात्रियों के टीकाकरण के लिए जिले में कई जगह पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी इन्द्रसेन सरोज की ओर से हज मेडिकल का कार्यक्रम जारी कर दिया गया। 10 फरवरी मंगलवार सुबह 9 बजे से खलील हॉयर सेकेंडरी स्कूल निकट बिहारीपुर पुलिस चौकी में शिविर लगेगा।

# भारत की अंडर-19 विश्वकप जीत से खिलाड़ियों में नया जोश

- स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों ने जताया देश के लिए खेलने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को जिम्बाब्वे के हरारे में इंग्लैड को हराकर छठी बार विश्व कप पर कब्जा किया। विश्व कप के फाइनल में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विश्व कप जीत के बाद स्थानीय युवा खिलाड़ियों में भी नया जोश भर दिया है।

शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभ्यास के लिए पहुंचे खिलाड़ियों ने जमकर मेहनत की और भविष्य में देश के लिए खेलने की इच्छा खुलकर जताई। खिलाड़ियों का कहना है कि टीम इंडिया की सफलता ने उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति और गंभीर बनाया है। अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों ने अतिरिक्त समय तक नेट्स में पसीना बहाया।

कई खिलाड़ियों ने कहा कि अंडर-19 टीम की जीत यह साबित करती है कि मेहनत और अनुशासन से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि अब उनका लक्ष्य सिर्फ जिला या राज्य स्तर तक सीमित नहीं, बल्कि देश के लिए खेलना है। कोच नितिश भारद्वाज के अनुसार, खिलाड़ियों के रवैये में सकारात्मक बदलाव दिखा है। मैदान पर उनका फोकस, अनुशासन और मेहनत सामान्य दिनों की तुलना में ज्यादा नजर आई। कोच ने कहा कि ऐसे मौके युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करते हैं और उनके अंदर बड़े सपने देखने का हौसला पैदा करते हैं।



भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम के विश्वकप जीतने पर खुशी मनाते खिलाड़ी। ● अमृत विचार



भारत की अंडर-19 टीम की विश्वकप जीत और महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी के दूसरे बार ट्रॉफी जीतने को देखकर लगा कि अगर मेहनत लगातार की जाए तो हम भी एक दिन भारत की जर्सी पहन सकते हैं। अब अभ्यास को और गंभीरता से ले रहे हैं। -कनक गुप्ता



पहले सिर्फ बड़े-बड़े टूर्नामेंट खेलने का लक्ष्य था, लेकिन अब सपना साफ है कि देश के लिए खेलना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करना। -पावनी शर्मा

### महाशिवरात्रि पर समिति करेगी सातनाथ परिक्रमा

**बरेली, अमृत विचार :** नाथ नगरी बरेली जलाभिषेक समिति की ओर से महाशिवरात्रि के पर्व पर सात नाथ परिक्रमा करके जलाभिषेक किया जाएगा। तैयारियों को लेकर समिति की बैठक शानिवार को सेठ गिरधारी लाल मंदिर श्यामतगंज में हुई।

मीडिया प्रभारी मनोज देवल ने बताया कि दि 15 फरवरी को सेठ गिरधारी लाल मंदिर से भक्त रवाना होंगे। शोभायात्रा महाकाल की झांकी भी निकलेगी। इसके बाद श्रद्दालु गंगाजल लेकर विभिन्न मार्गों से होते हुए सातों नाथ मंदिरों में सामूहिक रुद्राभिषेक व श्रृंगार करेंगे। ब्रजवसी लाल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, मनोज देवल, अनूप अग्रवाल, कपिल गुप्ता, पंकज देवल, धर्मेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# परीक्षार्थी बोले- सामान्य लेकिन लंबे थे प्रश्न

## सीटीईटी : रविवार को प्रथम पाली में 24 और द्वितीय पाली में 15 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में शनिवार को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। शनिवार को परीक्षा प्रथम पाली में 17 परीक्षा केंद्रों पर और द्वितीय पाली में 12 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई। परीक्षा केंद्रों अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापन और निगरानी के विशेष प्रबंध किए गए। परीक्षा केंद्रों से बाहर आए परीक्षार्थियों ने पेपर के स्तर को सामान्य बताते हुए कहा कि प्रश्न अपेक्षाकृत लंबे थे, जिन्हें पढ़ने और समझने में अधिक समय लगा।

इसके चलते परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन चुनौतीपूर्ण रहा और कई अभ्यर्थियों को पूरे प्रश्नपत्र को हल करने में समय की कमी महसूस हुई। बावजूद इसके अधिकांश अभ्यर्थियों ने परीक्षा को संतुलित और पाठ्यक्रम आधारित बताया। परीक्षा के दौरान प्रशासन, पुलिस विभाग, केंद्र अधीक्षकों, पर्यवेक्षकों की ओर से परीक्षा को शांति पूर्वक संपन्न कराया गया।



सीटीईटी देकर केन्द्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- दोनों पालियों में कुल 29 केन्द्रों पर सम्पन्न हुई परीक्षा



प्रश्नपत्र का स्तर सामान्य था, पर कई सवाल लंबे होने के कारण उन्हें पढ़ने और समझने में अधिक समय लगा। इससे परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन चुनौतीपूर्ण रहा और अंत में कुछ प्रश्न जल्दबाजी में हल करने पड़े। -शाने अली, बरेली



प्रश्नों की लंबाई और विकल्पों को समझने में ज्यादा समय लगने से पूरा पेपर हल करने में समय कम पड़ गया। हालांकि सिलेबस आधारित प्रश्न होने से तैयारी करने वालों को ज्यादा कठिनाई नहीं हुई। -रामगोपाल, दातागंज

### ईसीसीई भर्ती में गड़बड़ी की जांच शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से बाल वाटिकाओं में ईसीसीई (अर्ली चाइल्ड केयर एजुकेटर) भर्ती घोटाले ने प्रशासन की नींद उड़ा दी है। जिले में 171 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों ने मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी से शिकायत की थी उनके अधिक अंक होने के बावजूद नौकरी नहीं मिली, जबकि कम अंक वाले अभ्यर्थियों को सीधे नियुक्त कर दिया गया। इस शिकायत के बाद कमिश्नर ने तुरंत जांच का आदेश दिया। शनिवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता सिंह ने 90 चयनित अभ्यर्थियों को बुलाकर उनके प्रमाणपत्रों का भौतिक सत्यापन कराया। शेष अभ्यर्थियों को सोमवार को बुलाया गया है। सूत्रों के अनुसार, भर्ती में आउटसोर्स कंपनी की भूमिका भी संदिग्ध है।

# आयकर विभाग ने इनकम टैक्स बार एसोसिएशन को हराया



ट्राफी के साथ विजेता आयकर विभाग की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दोनों टीमों के बीच खेला गया मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच

**अमृत विचार :** इनकम टैक्स बार एसोसिएशन और आयकर विभाग के बीच शनिवार को मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन गंगाशील क्रिकेट स्टेडियम में किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान आयकर आयुक्त बरेली मंडल राधेश्याम ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का सर्वोत्तम माध्यम बताया।

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की टीम ने शानदार 178 रन बनाए। जवाब में आयकर विभाग की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 179 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच रणधीर सिंह, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक कुलदीप सिंह, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज अरविंद रहे। अधिवक्ता राकेश कुंवर, इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा चावला, अतुल अग्रवाल, विनय कृष्णा, सर्वोदय प्रजापति, साहिल गुप्ता, अपर आयुक्त पुष्पेंद्र कुमार, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीबीगंज के अवैध बाजारों पर मुखर हुए व्यापारी नेता



सीओ द्वितीय को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की सीबीगंज इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को सीओ द्वितीय अंजनी कुमार तिवारी से भेंट की और सीबीगंज स्थित बंद पड़ी विमको फैक्ट्री के बाहर लगने वाले अवैध अतिक्रमण और बाजार को गंभीर मुद्दा बताया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इकाई अध्यक्ष धीरेंद्र गंगवार ने किया। उन्होंने बताया कि यहां प्रत्येक सप्ताह दो दिन बड़ी संख्या में बिना किसी अनुमति के अवैध बाजार लगाया जाता है। नियमित और करदाता व्यापारियों के व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बताया कि इस अवैध बाजार की सूचना नगर निगम व थाना स्तर पर कई बार दी, परंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। युवा अध्यक्ष विनीत गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में मंदी के दौर में, जब वैध व्यापारी जीएसटी एवं अन्य करों का भुगतान कर कठिन परिस्थितियों में व्यापार कर रहे हैं, वहीं बिना टैक्स के अवैध रूप से बाजार लगाने वाले व्यापारियों के कारण वैध व्यापारी स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। सीओ अंजनी कुमार तिवारी ने आश्वस्त किया कि शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्र विनीत गुप्ता, राजीव कुमार बॉबी, प्रदीप मौर्य, संजू भारती, मनीष माथुर, शाहिद आदि मौजूद रहे।

# कर्मयोगी से सशक्त हुए आईवीआरआई के कर्मचारी

**बरेली, अमृत विचार :** आईसीएआर-आईवीआरआई के कर्मचारियों ने राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम के द्वितीय चरण को पूर्ण कर लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों में कार्यकुशलता, व्यावसायिक दक्षता और नैतिक मूल्यों का विकास करना रहा।

कार्यक्रम आईसीएआर-आईवीआरआई के संयुक्त निदेशालय (अनुसंधान) के मानव संसाधन विकास (एचआरडी) प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हुआ। चार मॉड्यूल सत्रों के माध्यम से लोक सेवा में जवाबदेही, पारदर्शिता, ईमानदारी और नवाचार जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। आईवीआरआई के अतिरिक्त निदेशक डॉ. राघवेन्द्र भट्ट ने कहा कि राष्ट्रीय कर्मयोगी पहल क्षमता निर्माण आयोग का एक प्रमुख कार्यक्रम है। संचालन मास्टर प्रशिक्षकों डॉ. केके रजक, डॉ. गीता चौहान, डॉ. विकास चंद्र, मोहम्मद तौफीक आलम, आशीष वर्मा और अश्वनी कुमार ने किया।

# विंडरमेयर थिएटर में रंगमंच के दिग्गजों का जमावड़ा 9 से



मीडिया को जानकारी देते डॉ. ब्रजेश्वर सिंह और अन्य। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** 16 वां विंडरमेयर थिएटर फेस्टिवल 9 से 15 फरवरी तक होगा। जिसमें देश भर के चुने हुए सात नाटकों का मंचन किया जाएगा। इसमें मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, पटना सहित कई शहरों के रंगमंच के दिग्गज कलाकार शामिल होंगे।

विंडरमेयर थिएटर में शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश्वर सिंह ने बताया कि 9 फरवरी को अनुभा फतेहपुरिया निर्देशित कोलकाता के पदतिक थिएटर का नाटक "रात काफी हो चुकी" का मंचन होगा। 10 फरवरी को दानिश खान निर्देशित नाटक "ट्रेडमिल" विंडरमेयर की टीम रंग विनायक रंगमंडल के कलाकार प्रस्तुत करेंगे। अभिषेक मजूमदार का लिखित व निर्देशित "कौमुदी" का मंचन 11 फरवरी को होगा। दिव्या जगदले निर्देशित "खिचिक" 12 फरवरी को डी फॉर ड्रामा के ही ओर से मंचन होगा। 14 फरवरी को दिलीप गुप्ता निर्देशित नई दिल्ली के साइक्लोरामा का नाटक "ठेके पर मुशायरा" का मंचन होगा। 15 फरवरी को नाटक "बिदेसिया" का मंचन होगा। सभी शो शाम 6.30 बजे शुरू होंगे।

- 16 वां थिएटर फेस्टिवल 15 फरवरी तक आयोजित होगा

## सिटी डायरी

### वरदान कॉलेज में फेयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को लैम्प लाइटिंग, फ्रेशर पार्टी समेत फेयरवेल पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीव प्रज्वलित कर किया गया। निष्ठा चौहान व प्रियंका श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को दीप की रोशनी प्रदान की। प्रथम वर्ष के सभी नर्सिंग विद्यार्थियों ने नाइटिंगेल प्लेज का सामूहिक उद्बोधन किया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य अखिल रोजर्स ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे कभी भी किसी भी मरीज को कोई क्षति नहीं पहुंचाएंगे व सदैव मानवता की सेवा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अतुल श्रीवास्तव (प्रेसीडेन्ट आईएमए) बरेली और विशिष्ट अतिथि डॉ. विनोद पागरानी रहे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. विवेक चन्द्र सक्सेना, (वेयरमैन) डॉ. लता दीक्षित, (अध्यक्ष) कॉलेज के प्रधानाचार्य अखिल रोजर्स, उप-प्रधानाचार्य सरिता आनंद जैकब सहित कॉलेज के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### यूजीसी बिल महाविद्यालयों में हुआ लागू तो होगा विरोध : कायस्थ महासभा



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना की अध्यक्षता में बदायूं रोड अनुपम नगर स्थित मुख्यालय पर शनिवार को बैठक हुई। इसमें अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने कहा कि अगर यूजीसी काला बिल महाविद्यालयों में लागू किया गया तो अखिल भारतीय कायस्थ महासभा इसका विरोध करेगी। विभिन्न सरकारों ने पहले से ही समाज को आरक्षण के नाम पर बांट कर दलदल की राजनीति की है। इस कारण सबसे ज्यादा अत्याचार सामान्य वर्ग के साथ होता है। ऐसे में अगर विद्यालयों में भी सवर्ण समाज के बच्चों को फंसाया गया तो सवर्ण समाज अब चुप नहीं रहेगा। कायस्थ समाज भी यूजीसी बिल का विरोध करेगा। इस बैठक में सुधीर मोहन, राजेश सक्सेना, संतोष सक्सेना, मीरा मोहन, मंजू लता, सुनील कुमार सक्सेना मौजूद रहे।

### नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए बेसिक एनआरपी कार्यशाला का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** महेन्द्र-गायत्री स्कूल ऑफ नर्सिंग बरेली और एलएपी बरेली के नेतृत्व में आईएमए भवन में महेन्द्र-गायत्री स्कूल ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के लिए बेसिक एनआरपी कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक मीरगंज डॉ. डीसी वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान सभी को बताया गया कि प्रसव से पूर्व सभी तैयारी भली-भांति करलें। प्रसव कक्ष को गर्म रखना जरुरी होता है। साथ ही प्रसव के खतरों को भी नोट कर लें। प्रसव के समय एक ट्रेंड एनआईपी स्टाफ जरूर हो। साथ ही बताया कि बच्चा जन्म लेते ही सांस लेने लगे या फिर रोने लगे तो फौरन मां के पेट पर लिटा दें और गर्म कपड़े से साफ करने के पश्चात एक से तीन मिनट के अन्दर नाल को काट दें। इसी के साथ मां का दूध पिलाते हुए विटामिन-के का इन्जेक्शन लगायें। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में डॉ. आरिफ हुसैन, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. जीएस खण्डूजा, डॉ. शिवानी बंसल और डॉ. रवि खन्ना, महेन्द्र गायत्री हास्पिटल का स्टाफ और प्रधानाचार्या प्रियंका विल्सन उपस्थित रही।

संकल्प लिया | जीआईसी ऑडिटोरियम में क्षमता संवर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन

# शहर स्वच्छ बनाने को निगम कर्मियों को किया सशक्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के बीच नगर निगम ने शनिवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित क्षमता संवर्धन कार्यशाला, स्वास्थ्य शिविर और पीपीई किट वितरण कार्यक्रम शामिल थे। उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नैन सिंह और मुख्य खाद्य निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह राठौर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में नगर निगम के सभी जोनों के सफाई निरीक्षक, सफाई नायक, सफाई मित्र और डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह से जुड़े कर्मियों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की टूलकिट, मापदंड, इंडिकेटर और सब-इंडिकेटर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में कुल 400 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। विशेष रूप से ओपन डिफेक्शन फ्री और गार्बेज फ्री सिटी मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया और 'विज़िबल क्लीनलीनेस' यानी दृश्य स्वच्छता को और सुदृढ़ करने के उपायों पर चर्चा हुई।

संवादात्मक सत्रों के माध्यम से फील्ड स्तर पर समन्वय और कार्य निष्पादन को बेहतर बनाने के तरीकों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें चिकित्सकों की टीम ने रक्तचाप, मधुमेह, वजन और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयां और पीपीई किट वितरित कीं। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने स्वच्छ बरेली-स्वस्थ बरेली के संकल्प के साथ अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक प्रभावी ढंग से निभाने का भरोसा जताया। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि इस तरह की पहल न केवल स्वच्छता मानकों को बढ़ाएगी, बल्कि शहरवासियों में जागरूकता और सहभागिता भी सुनिश्चित करेगी



कार्यशाला में अधिकारियों के साथ मौजूद निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों में जुटा है नगर निगम